ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट के संदर्भ में दूसरा गोलमेज सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

11 मई, 2022 को हरियाणा के गुरुग्राम में स्थापित किये जाने वाले ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट के लिये प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स एवं रियल एस्टेट केंद्रित फंड की तलाश के संदर्भ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में मुंबई में दूसरा गोलमेज़ सम्मेलन आयोजित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम, जो सरकार की एक नोडल एजेंसी है, के तत्त्वावधान में विकसित किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से गुरुग्राम को केंद्रीय व्यापार ज़िले के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें आधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों और भावी उन्मुख उद्योगों, निम्न कार्बन हरित बुनियादी ढाँचे, सुगम जीवन, लोगों के कौशल विकास और रोज़गार सृजित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- इस अवसर पर हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक विकास गुप्ता ने बताया कि यह एक मिश्रित भूमि उपयोग परियोजना है, जिसे निर्माणाधीन 8-लेन द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ गुरुग्राम में सेक्टर 36बी, 37ए और 37बी में विकसित हो रहे आवासीय और वाणिज्यिक केंद्र में लगभग 1003 एकड़ क्षेत्र पर 'एक शहर के भीतर शहर' के रूप में विकसित करने की कल्पना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/2nd-roundtable-in-the-context-of-global-city-project